चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 139 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
12 नवंबर 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम



Page-7

### आज कैबिनेट बैठक में ठोस फैसलों की बारी, शाम को कालिदास समारोह

# चुनावी सियासत में निवेश के बाद अब विजन 47 के लिए जोर लगाएगी सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर कल मतदान के ठीक पहले आज मोहन यादव मंत्रिपरिषद आज सोलर पॉवर उद्योग नीति समेत कई मामले में ठोस फैसले के लिए बैठी है। बीते कई दिनों से चुनाव प्रचार के लिये सियासी जंग जारी थी। दरअसल जल्द ही मुख्यमंत्री उद्योग निवेशकों से चर्चा के लिये विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। इसके पहले आज कैबिनेट में मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से 2047 का विजन डक्यूमेंट समय सीमा मे तैयार करने के लिए कहा। सरकार उद्योग नीति समेत इससे जुडे अन्य पहलुओं पर काम कर रही है। फरवरी में भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन इसकी मुख्य वजह है। वहीं शाम को उज्जैन में अखिल भारतीय कालिदास समारोह के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री यादव भी इसमें मौजूद रहेंगे।

जानकार सूत्रों का कहना है कि मप्र की उद्योग नीति बनकर लगभग तैयार है। प्रदेश में उद्योगपतियों की राह आसान करने को लेकर नीति में प्रावधान किए जा रहे हैं। इसमें पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में भी उद्योगों को बढ़ावा देने पर प्रयास भी है। बताया जाता है कि बड़े उद्योगों के लिए राज्य स्तरीय और छोटे उद्योगों के लिए जिला स्तर पर ही अनुमति मिल सकेगी। इसके अलावा प्रदेश में जो सरकार के जो कर्मचारी 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि साथ पेंशन के निर्धारण सहित कई विषयों पर चर्चा का प्रस्ताव शामिल है। वहीं सरकार धान और ज्वार बाजरा पर समर्थन मूल्य पर खरीद के मद्देनजर तैयारी कर रही है।

### उपराष्ट्रपति उज्जैन में

उज्जैन में आज 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह का आयोजन होगा। जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शिरकत करेंगे। समारोह का शुभारंभ शाम 4 बजे होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रस्तुत किए जायेंगे। वहीं 18 नवंबर तक समारोह का आयोजन होगा। इस दौरान संस्कृति, कला समेत कई प्रकार के आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री अपरांह भोपाल से उज्जैन रवाना हो गये हैं।

### कल बुधनी और विजयपुर में इम्तिहान

मप्र के बुधनी और विजयपुर में उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार कल शाम थमने के बाद अब घर घर संपर्क व संदेशों का जोर है। कल बुधवार को दोनों सीटों पर वोट डाले जाएंगे। आज प्रत्याशी डोर टू डोर प्रचार करते हुए सभी समीकरण साधने की कोशिश मे हैं। अब राजनीतिक दल जनसभा नहीं कर सकते हैं लिहाजा बैठकें कर रहे हैं। भाजपा ने इस बार विजयपुर में खास जोर लगाय है। जबकि कांग्रेस भी इसी क्षेत्र पर पूरी ताकत झोंके हुए हैं और अपने नेता रामनिवास रावत के दलबदल को मुद्दा बनाए हुए है। इसीलिये अब भाजपा उम्मीदवार रावत के लिये खुद मुख्यमंत्री ने कई सभा व रोड शो किये हं और असंतुष्ट भाजपा नेताओं को समझाइश दी है। बुदनी में भी शिवराज सिह चौहान ने भाजपा उम्मीदवार रमाकातं भार्गव के लिये जोर लगाया है। यहां कांग्रेस के राजकुमार पटेल के लिये भी कांग्रेस दिग्गजों ने ताकत झोंकी है।

### सीएम ने किया तुलसी पूजन



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज देवउठनी ग्यारस पर भोपाल में युवा सदन में तुलसी शालिग्राम विवाह में पूजा अर्चना की। उनके विधायक रामेश्वर शर्मा भी थे। - फोटो निर्मल व्यास

## देव उठे, विवाहों से 117 दिन की रोक हटी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आज देवउठनी ग्यारस के साथ ही कई शुभ कामों की भी शुरुआत हो जाएगी। दरअसल देवशयनी एकादशी से विवाह पर लगी रोक अब 117 दिन बाद उठ रही है। इसके साथ ही देशभर में अब हलवाई, कैटरिंग, बैंड गार्डन, होटल, धर्मशाला,रिसार्ट का व्यवसाय का मौसम भी शुरू हो जायेगा। इसके चलते दीपावली और छठ पूजा के लिए गए स्टाफ को भी यह सभी संस्थान वापस बुला रहे हैं। बीती 17 जुलाई को श्रीहरि विष्णु के योग निद्रा में जाने के दो दिन पहले 15 जुलाई को विवाह का अंतिम मुहूर्त था। सनातन संस्कृति में चातुर्मास के चार माह वैवाहिक आयोजन नहीं किए जाते हैं। इस बार नवंबर और दिसंबर को विवाह के शुद्ध और मिश्रित मुहूर्त पर बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होंगे वर्ष 2024 के अंतिम दो महीने में 16 मिश्रित मुहूर्त हैं।

## शेयर बाजार संभला, सेंसेक्स व निफ्टी चढ़े

**मुंबई, एजेंसी।** घरेलू संस्थागत निवेशकों की ओर से निरंतर निवेश और अमेरिकी बाजारों में तेजी के साथ-साथ निचले स्तरों पर खरीदारी से आज मंगलवार को शेयर बाजार के शुरुआती कारोबार में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दिखी है। कल बाजार गिरावट के बाद संभला था। आज शुरुआती कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 324.83 अंक चढ़कर 79,820.98 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई का निफ्टी 100.7 अंक चढ़कर 24,242 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावर ग्रिड में सर्वाधिक लाभ रहा।

## शाहरुख को धमकी देने वाला फैजान रायपुर में गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आने के बाद अब पुलिस ने रायपुर के फैजल खान से पूछताछ के बाद आज सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस तडके फैजल को अरेस्ट करने की ट्रांजिट रिमांड के साथ रायपुर पहुंची थी। फैजल को आज ही कोर्ट में पेश किया जा रहा है। इससे पहले फैजल ने कहा था कि वो 14 नवंबर को, बांद्रा पुलिस में अपना बयान दर्ज कराने मुंबई आएगा। हालांकि, उसके परिचितों ने बताया कि उसे पिछले दो दिनों से कई धमकियां मिल रही थीं इसलिए उसने मुंबई पुलिस कमिश्नर को लिखा था कि सुरक्षा कारणों से वह फिजिकली नहीं बल्कि ऑडियो-वीडियो माध्यम से उनके सामने पेश होना चाहता है।

## न बंटेंगे न हटेंगे: प्रयागराज में रातभर छात्र प्रदर्शन




**प्रयागराज. एजेंसी**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के निर्णय पर हुए बवाल के कारण गरमाई सियासत के बीच प्रतियोगी छात्रों ने भी अपना एक नारा गढ़ लिया है। बेमियादी धरने पर बैठे छात्रों का नारा है, 'न बटेंगे न हटेंगे।' इस नारे वाले हजारों पर्चे छात्रों के बीच वितरित किए गए। छात्रों ने इस नारे के जरिये आयोग को संदेश भेजा है कि जब तक दो दिन परीक्षा कराने और नॉर्मलाइजेशन निरस्त करने का नोटिस जारी नहीं किया जाएगा, तब तक छात्र धरना स्थल से हटने वाले नहीं हैं। रातभर धरना स्थल पर छात्रों ने हाथों में कई तख्तियां भी ले रखीं थीं, जिन पर नारे लिखे थे। छात्र इन नारों के जरिये आयोग के निर्णय के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे थे। धरना स्थल पर न तो किसी छात्र संगठन और न ही किसी राजनीति दल का झंडा दिखा। छात्रों केवल तिरंगा लहराते दिखे।

## उध्दव का बैग चैक, वीडियो बना कर बोले - मोदी को चेक करना

**मुंबई, एजेंसी**




महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे का चुनाव प्रचार के लिए यवतमाल के वनी एयरपोर्ट पहुंचने पर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने उनका बैग चेक किया। जिसे लेकर उद्धव व पार्टी के नेता नाराज हैं। उद्धव ने अधिकारियों के बैग चेक करने का खुद ही वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। उद्धव अधिकारियों से मोदी-शाह के बैग चेक करने की मांग करते भी दिखे हैं। उन्होंने कहा- मेरा बैग चेक कर लीजिए। चाहे तो मेरा यूरिन पॉट भी चेक कर लीजिए, लेकिन अब मोदी के बैग चेक करते हुए भी आप लोगों का वीडियो चाहिए। वहां आप अपनी पूंछ मत झुका देना। आपको जो खोल कर देखना है देख लीजिए। यह वीडियो मैं रिलीज कर रहा हूं। ठाकरे हेलिकाप्टर से प्रचार के लिये पहुंचे थे। उन्होंने एक अफसर से उसका नाम भी पूछा और कहा कि क्या आपने अब तक मिंधे (एकनाथ शिंदे) का बैग चेक किया? क्या देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार, मोदी, अमित शाह का बैग चेक किया? इस पर अधिकारी ने कहा कि अब तक मौका नहीं मिला।

## नायडू की आपत्तिजनक फोटो रामगोपाल पर मामला दर्ज

**हैदराबाद।** मशहूर फिल्म निर्माता रामगोपाल विवादों में आ गए हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस ने उन पर, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उनके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक कंटेंट सर्कुलेट करने के लिए केस दर्ज किया है। वर्मा पर आरोप है कि उन्होंने नायडू, उनके बेटे नारा लोकेश समेत टीडीपी नेताओं और जनसेना पार्टी के चीफ, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की मॉर्फ्ड फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कीं। वर्मा को वायएसआर कांग्रेस पार्टी से करीबी रखने के लिए जाना जाता है। वे लंबे समय से चंद्रबाबू नायडू की खुलकर आलोचना करते रहे हैं। उनकी फिल्म लक्ष्मी एनटीआर भी टीडीपी के फाउंडर और पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव के जीवन पर आधारित थी।




### मेट्रो एंकर

### सुबह 8 से 9 बजे तक एडल्ट साइट्स पर सबसे ज्यादा विजिट

# जब लिखी जानी थी ट्रंप की किस्मत, एडल्ट साइट्स देख रहे थे अमेरिकी !

## विशेषज्ञों ने इसे वोटिंग के तनाव का नतीजा माना

**वाशिंगटन. एजेंसी**

अमेरिका में हाल में जब 5 नवंबर को हुए वोटिंग डे था और राष्ट्रपति के लिये मतदान चल रहा था, उस दिन अमेरिकियों के रूटीन का एक दिलचस्प पहलू अब सामने आया है। इस दिन जहां लोग अपने पसंदीदा नेताओं के लिए वोट डाल रहे थे, वहीं इंटरनेट पर कुछ और ही ट्रेंड हो रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी नागरिकों ने चुनाव के दिन एडल्ट साइट्स का रुख किया लिहाजा इन साइट्स पर ट्रैफिक में भारी इजाफा दर्ज किया गया। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, 5 नवंबर को सुबह 8 बजे से लेकर 9 बजे तक एडल्ट साइट्स पर सबसे ज्यादा विजिट्स देखे गए। चुनावी माहौल के बीच, सुबह के समय अक्सर लोग चुनाव केंद्रों पर पहुंचते हैं या सोशल मीडिया पर चुनाव से जुड़ी गतिविधियों में लगे होते हैं, वहीं इस दौरान कई अमेरिकियों ने एडल्ट कंटेंट की ओर अपना रुख किया था। इससे यह साफ होता है कि चुनाव के दिन भी



अमेरिका में लोगों की ऑनलाइन गतिविधियां किस तरह बदली हुई नजर आई। इस रिपोर्ट में एक और खास बात सामने आई है, कि एडल्ट साइट्स का ट्रैफिक सिर्फ एक पक्ष के नहीं बल्कि दोनों ही पक्षों के वोटर बेस से आया। रिपोर्ट में बताया गया है कि रेड स्टेट्स यानी रिपब्लिकन समर्थक राज्यों और ब्लू स्टेट्स यानी डेमोक्रेट्स समर्थक राज्यों दोनों में ही इन साइट्स पर ट्रैफिक बढ़ा। इससे यह भी साफ होता है कि पार्टी के आधार पर ट्रेंड में फर्क नहीं था। चुनावी तनाव में सभी वोटर्स एक समान नजर आए।



### चुनावी तनाव का असर

रिपोर्ट के अनुसार, इस दिन एडल्ट साइट्स पर ट्रैफिक में लगभग 7 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जो सामान्य दिनों से काफी ज्यादा है। इस आंकड़े ने चुनावी तनाव और लोगों की मानसिकता को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। क्या यह चुनावी माहौल का दबाव था या बस एक संयोग? कई विशेषज्ञ इसे चुनाव से जुड़े तनाव और लोगों की मानसिकता का नतीजा मान रहे हैं।

### क्या है असल वजह?

विशेषज्ञ मानते हैं कि चुनावी तनाव और रोजमर्रा के जीवन में होने वाले बदलावों के चलते लोगों का एडल्ट कंटेंट की ओर रुझान बढ़ा हो सकता है.कई बार लोग बदलाव को लेकर आशंकित रहते हैं. किसी भी तरह का बदलाव इंसान में तनाव बढ़ा सकता है. ऐसे समय में दिमाग को रिलेक्स करने के लिए लोग एडल्ट साइट्स का रुख करते हैं.

## देवउठनी ग्यारस आज



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आज देव जागेंगे। देवप्रबोधिनी (देवउठनी ग्यारस) के साथ ही शादी समारोह का धूम-धड़ाका भी शुरू हो जाएगा। इस अबूझ मुहूर्त में शादी के हजारों समारोह प्रदेशभर में होंगे। वहीं बाजार में गन्नों की मांग रही।

### प्रदेश के पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को सुविधा

# स्कूलों में महीने के हर शनिवार को बैग से बच्चों को मिल सकेगी राहत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग लगातार प्रदेश में बच्चों के कौशल विकास के लिए नवाचार कर रहा है। अब कक्षा-6 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चों का समग्र विकास के लिए बैगलेस-डे के दिन बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्णय स्कूल शिक्षा विभाग ने लिया है। इस दिन बच्चों के बीच पढ़ाई के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं व्यावहारिक गतिविधियाँ की जायेंगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला शिक्षाधिकारियों और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में यह प्रावधान रखा गया है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे 21वीं सदी के कौशल से परिचित हो सकें, इसके लिये कक्षा-6 से 8 तक के स्कूल के बच्चों के लिये प्रत्येक माह में न्यूनतम एक शनिवार को बस्ते-विहीन दिवस का आयोजन हो। इन दिवसों में विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल की जानकारी दी जाये।

**सफल, नवाचारी और जिम्मेदार नागरिक बनाना:** बैगलेस-डे का उद्देश्य विद्यार्थियों को सफल, नवाचारी और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। इसी के साथ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, साक्ष्य आधारित सोच और रचनात्मकता का विकास करना है। विद्यार्थियों में संवाद, विचार अभिव्यक्ति, स्वास्थ्य एवं पोषण, खेल सहयोग की भावना एवं नेतृत्व गुण के साथ भारतीय ज्ञान परम्परा और पर्यावरणीय चेतना का विकास करना प्रमुख है।

### बैगलेस-डे में ऑर्ट और क्रॉफ्ट में सीखेंगे ड्राइंग, पेंटिंग, मिट्टी के खिलौने, बढ़ाया जाएगा कौशल



### बैगलेस-डे में होंगी यह गतिविधियां

राज्य शिक्षा केन्द्र ने बैगलेस-डे में होने वाली गतिविधियों के संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किये हैं। ऑर्ट और क्राफ्ट में बच्चों के बीच में ड्राइंग, पेंटिंग, मिट्टी के खिलौनों का निर्माण, मुखौटे, डॉल-मेकिंग और अनुपयोगी सामग्री से वस्तुओं का निर्माण प्रमुख है। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों के बीच लोकगीत-नृत्य, लघु नाटिका, कविता पाठ, कहानी लेखन गतिविधियाँ की जायें। बच्चों को खेती की आधुनिक पद्धतियों की जानकारी हो सके, इसके लिये पॉली फार्मिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग, औषधीय पौधों की जानकारियां और खेती में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों की जानकारी दी जाये। साथ ही स्थल भ्रमण भी कराया जाये। बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों, लघु उद्योग व्यवसाय, जिनमें मधुमक्खी-पालन, मुर्गी एवं मछली-पालन इत्यादि की जानकारी दी जाये। बच्चों को स्थानीय बैंक, पुलिस थाना, अस्पताल और अनाज मंडी का भ्रमण कराया जाये। बच्चों को हथकरघा, खिलौने निर्माण जैसी इकाइयों का भ्रमण कराया जाये। इसी के साथ बच्चों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण की जानकारी देने के साथ खेल गतिविधियां भी करायी जायें।

**गतिविधियों का कैलेंडर तैयार कराया जाएगा:** बैगलेस-डे के लिये शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों को चर्चा कर गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार करने के लिये भी कहा गया है। गतिविधियों की जानकारी ''एचडी जिओ टैगी फोटोग्रॉफ'' राज्य शिक्षा केन्द्र के ई-मेल आईडी पर भेजने के लिये कहा गया है।

## पत्रकारिता विवि में कुलगुरू की चयन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरू के रिक्त पद पर चयन के लिए मध्यप्रदेश शासन ने आवेदन आमंत्रित कर लिये हैं। इसकी अंतिम तारीख 14 नवंबर हैं। कुलगुरू चयन के लिए निर्धारित योग्यता विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर है। बताया जाता है कि सीएम मोहन यादव कुलगुरू के रिक्त पद पर चयन के लिए आवश्यक प्रक्रिया को जल्द ही अंतिम रूप देंगे।

## शास्त्रीजी की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग तेज

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



### सक्सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार के समक्ष स्थापित करने की मांग फिर जोर पकड़ रही है। मप्र कांग्रेस प्रवक्ता रवि सक्सेना ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर कहा है कि अभी यह प्रतिमा बस्ट के स्वरूप में स्थापित है जिसे आदमकद प्रतिमा के रूप में परिवर्तित करना चाहिये। दरअसल उक्त प्रतिमा पर विगत दिनों किसी असामाजिक व्यक्ति ने जूतों को रखकर अपवित्र करने का आपराधिक कृत्य किया था। सक्सेना ने कहा कि इस कृत्य पर पूरे देश में राष्ट्रभक्तों द्वारा घोर निंदा कर आक्रोश प्रकट किया गया था। उनकी प्रतिमा पर इस तरह के कृत्य से मध्यप्रदेष भी शर्मसार हुआ है। सक्सेना ने सीएम से मांग की है कि भविष्य में कभी भी कोई सरफिरा, शरारती, आपराधिक तत्व ऐसा न करे, इस हेतु उक्त प्रतिमा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें। उल्लेखनीय है पिछले दिनों मौजूदा प्रतिमा के अपमान के बाद मौके पर पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की थी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के चलते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी किया था। बाद में .कांग्रेसियों ने दूध से प्रतिमा को स्नान भी कराया. प्रतिमा के आसपास शराब की बोतलें भी मिली थीं।

### कांग्रेसियों की आमद से बढ़ रही तनातनी

## नेताओं का विरोध, वीडी ने भाजपा में आने वालों का 'स्वागत' किया

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भाजपा में इस समय कांग्रेस से आने वाले नेताओं को लेकर कई तरह से दूरी न सिर्फ दिख रही है बल्कि भाजपा नेता परोक्ष अपरोक्ष तौर पर लगातार कांग्रेस के पुराने नेताओं पर निशाने साध रहे हैं। इस कड़ी में हाल में भूपेंद्र सिंह के बयान के बाद भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के बयान के कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। शर्मा ने कहा है कि भाजपा में आ चुके लोगों का पार्टी तहेदिल से स्वागत करती है। यह पार्टी का निर्णय है। जबकि भूपेंद्र सिंह ने कहा था कि वे पार्टी में आने वाले कांग्रेसियों को कभी स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने दीपावली मिलन समारोह में एक प्रसंग सुनाते समय कहा था कि पार्टी स्वीकार करे या नहीं, लेकिन वे कभी कांग्रेसियों को स्वीकार कर ही नहीं सकते। वीडी शर्मा ने सिंह का नाम लिए बिना कहा कि किसी को किसी से शिकायत हो सकती है। इसमें पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी इन व्यक्तिगत शिकायतों का हिस्सा नहीं बनेगी। फिर भी ऐसी शिकायतें पार्टी फोरम पर आएगी तो उन्हें सुना जाएगा।

**शाह का बयान :** दरअसल केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेसियों के बारे में पहले भी स्थिति साफ की थी। उन्होंने काफी पहले ग्वालियर में एक कार्यकर्ता के सवाल के जवाब में कहा था कि 15 साल से पार्टी में काम करने वालों को यदि कुछ नहीं मिला तो 15 दिन में पार्टी ज्वाइन करने वालों को क्या मिलेगा। ज्ञात हो कि भूपेंद्र सिंह ने हाल में सागर पुलिस पर आरोप लगाए थे कि पुलिस कुछ लोगों की सीडीआर रिपोर्ट निकालकर वसूली कर रही है, उन्हें धमकाया जा रहा है। यह काम 6 महीने से चल रहा है।

## फाटक रोड के फ्लाई ओवर पर अगले साल बारिश से पहले शुरू हो यातायात

### पारवाणी ने कहा मार्च 2025 तक निर्माण पूरा होना असंभव

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



संतनगर के रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का काम मार्च 2025 तक होना असंभव है। जिम्मेदार भले दावा कर रहे हो, लेकिन बारिश से पहले ब्रिज बनना जाए यही बहुत होगा। समाजसेवी कर्नल नारायण पारवाणी ने एक बयान में यह बात कही है। पारवाणी कहा है कि मैनिट से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री करने और सड़क निर्माण संस्थान 'सीमा सड़क संगठन' में ऑफिसर कमांडिंग रहने अपने अनुभव से मेरा मानना है, जिस तरह से कार्य हो रहा है और जितनी अब तक की प्रगति है, ऐसा होना बहुत मुश्किल है। ठेकेदार द्वारा कार्य समाप्ति का पत्र देने के पश्चात लोड टेस्टिंग, फाइनल इंस्पेक्शन में तथा जो त्रुटिया/सुधार इंस्पेक्शन टीम इंगित करेगी। उनको ठीक करने में दो-तीन माह लगेंगे। इस हिसाब से ठेकेदार को शत प्रतिशत कार्य 15 दिसंबर 2024 तक कर लेना चाहिए, जो वर्तमान स्थिति में असंभव सा लग रहा है। फिनीशिंग मे छोटे-छोटे कार्य होते है, लेकिन वे समय लेते हैं। पारवाणी ने कहा कि ब्रिज का आखिरी पिलर से जमीन पर लेंडिग का कार्य अभी नहीं हुआ है, जिसके लिए करीब एक माह चाहिए। अतिक्रमण हटाकर दोनों तरफ सर्विस रोड के निर्माण मे अब तक प्रोग्रेस शून्य है। रेल पटरी के दोनों तरफ के कार्य में कई तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से समय लगेगा। पारवाणी ने जिम्मेदारों से 2025 में बारिश से पहले निर्माण करने की अपेक्षा की है।

## सेंट्रल रीजन प्रतियोगिता में अभिषेक-हर्ष रहे प्रथम

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने सेन्ट्रल रीजन (भारत को जानो) प्रतियोगिता में भाग लिया, प्रतियोगिता में छात्र अभिषेक बघेल एवं हर्ष यादव ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का आयोजन भारत विकास परिषद हरदा ने किया था। 10 नवम्बर को सेन्ट्रल रीजन स्तर पर हरदा में आयोजित की हुई भारत को जानो प्रतियोगिता में अभिषेक बघेल एवं छात्र हर्ष यादव ने कनिष्ठ वर्ग में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी हासिल की। सफलता पर शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने छात्रों को बधाई दी है। विद्यालय की उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता जो भोपाल स्तर पर आयोजित की गई थी। इसमें आठ स्कूलों ने भाग लिया था जिसमें से साधु वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।



**मेट्रो एंकर** 24 साल पहले दीदी द्रोपदी धनवानी ने की थी शुरूआत

## गुरूनानक जयंती उत्सव: अमृतवेला में गुरू सिमरन, सुखमनी पाठ साहिब

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के मिनी मार्केट गुरूद्वारे में गुरूनानक जयंती उत्सव मनाया जा रहा है। ब्रह्मलीन दीदी द्रोपदी धनवानी ने 24 से पहले अमृतवेला की शुरूआत की थीं, गुरुद्वारे में संगत वाहेगुरुजी का नाम सिमरन कर रही है। साध्वी धनवानी दीदी कहती थीं कि जो भी इस गुरूद्वारे में सच्चे दिल से 40 दिन तक गुरु का नाम सिमरन एवं श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ करेगा। उसकी हर मनोकामना पूरी होगी। बता दे यह संतनगर का इकलौता ऐसा गुरूद्वारा है, जिसे महिलाएं संभालती हैं। गुरूद्वारा 24 घंटे आम संगत के लिए खुला रहता है और इसमें 24 घंटे लंगर चलता है। गुरूद्वारे द्वारा गरीबों एवं जरुरत मंदों के लिए अनाज एवं बच्चों की पढ़ाई लिए निरंतर सेवा कार्य चल रहे हैं।साध्वी दीदी की शिष्य सोनी लालवानी ने बताया कि श्री गुरु नानक जयंती पर सुबह से विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।



**हिस्सा ले रहे अनुयायी:** गुरूद्वारे में चले रहे कार्यक्रमों में भाविका सिरवानी, मनीषा अरतानी, लता गंगवानी, आशा वासवानी, भावना आसवानी, वर्षा, जाया होतवानी, रिया सिरवानी, कंचन रामचंदनी, जयराम अरतानी, दीपक वासवाणी, दिलीप रख्यानी, भगवानदास जनयानी, सुशील धनवानी, राकेश चन्दनानी, राकेश नारियनी, मोहित, गौरव, राजू रायचंदाणी, धर्मप्रकाश लालवानी, राम राजानी, कन्हैयालाल सबननी, हितेश सोनी, नमन, एवं पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मांधू चांदवानी एवं महासचिव नन्द दादलानी, उपाध्यक्ष जगदीश आसवाणी व श्रद्धालु भाग लेंगे।

## 77वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 16 नवंबर से होगा

**हिरदाराम नगर.** 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का आयोजन 16 से 18 नवम्बर को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में माता सुदीक्षाजी एवं निरंकारी राजपिता रमित की छत्रछाया में होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण पर में हैं। समागम परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है जिसमें विशाल पण्डालों में सभी भक्तों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। भक्तों की सुविधा हेतु सम्पूर्ण समागम परिक्षेत्र में अनेक एल. ई. डी. स्क्रीन लगाई जा रही हैं जिससे मंच पर होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शक स्पष्ट रूप से देख सके।

## एसएचआईएम में दिवाली फेस्ट एवं हाट बाजार का आयोजन




**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में कल्चरल क्लब एवं एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट क्लब द्वारा दिवाली फेस्ट एवं हाट बाजार का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मैनेजमेंट की छात्राओं में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना एवं अपनी संस्कृति से छात्राओं को जोड़ना। हाट में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए गए, जिसमें उन्होंने हाथ से बने दीए, त्योहारों के लिए सजावटी सामग्री के साथ-साथ भारत के विविध प्रांतों के व्यंजनों को बखूबी सजाया गया एवं निर्णायकों से प्रशंसा प्राप्त की। सभी स्टाल को पारंपरिक ढंग से सजाया गया और रंगोली, दीयों के साथ साथ फूलों की सजावट ने दीवाली के माहौल को और भी जीवंत बना दिया। पारम्परिक वेश भूषा में छात्राओं ने संस्कृतिक विरासत का परिचय दिया। छात्राओं ने लोक कला, संगीत और पारंपरिक उत्पादों के माध्यम से पर्व को रंगारंग रूप दिया। प्रत्येक स्टॉल में छात्राओं की मेहनत और रचनात्मकता को दर्शाया गया। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने विभिन्न वर्गों में विजेताओं को पुरस्कृत किया।


भारतीय संस्कृति के आलोक स्तंभ
महाकवि कालिदास को शत-शत नमन
अप्यन्यस्मिञ्जलधर ! महाकालमासाद्य काले
स्थातव्यं ते नयनविषयं यावदत्येति भानुः।
कुर्वन्संध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीया-
मामन्द्राणां फलमविकलं लप्स्यसे गर्जितानाम्॥
महाकाल का मंदिर जहां आरती का अत्यंत मनोहर दृश्य, नगाड़े और घंटों की ध्वनि का निनाद मन को प्रफुल्लित करने वाला होता है उसे जरूर देखना। संध्या आरती के बाद भी तुम रुकना और अपनी गर्जना का निनाद करके तुम भी पुण्य फल की प्राप्ति करना।
- मेघदूतम्, महाकवि कालिदास
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति
66वां अखिल भारतीय
कालिदास समारोह
शुभारंभ
गरिमामयी उपस्थिति
उपराष्ट्रपति
जगदीप धनखड़
राज्यपाल
मंगुभाई पटेल
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
12 नवम्बर, 2024 | अपराह्न 3:00 बजे
कालिदास संस्कृत अकादमी
उज्जैन, मध्यप्रदेश
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
छह दिवसीय आयोजन
• कलश यात्रा, वागर्चन एवं संस्कृत रचनाकारों का अलंकरण कार्यक्रम
• चित्र एवं मूर्तिकला के उत्कृष्ट कलाकारों को पुरस्कार वितरण
• राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं लोकप्रिय व्याख्यानमाला का तीन दिवसीय आयोजन
• संस्कृत कवियों की रचनाओं की प्रस्तुति
• 'वागर्चन' के अन्तर्गत महाकवि कालिदास की आराध्य भगवति गढ़कालिका के स्त्रोत का 501 विद्यार्थियों द्वारा वाचन
D11100/24
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@Jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#KalidasSamarohMP
विस्तृत जानकारी के लिए स्कैन करें

## भ्रष्टाचार पर लोकायुक्त की कार्यवाही

# नर्मदापुरम नपा के पूर्व सब इंजीनियर वर्मा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा

- लगभग 16 वर्ष तक नर्मदा पुरम में पदस्थ रहे वर्मा के कार्यकाल कई नियम विरोधी हुए काम..
- वर्मा के कार्यकाल में नगर में निर्मित हुए भवनों को दी गई अनुमति की जांच हुई तो कई चौंकाने वाले तथ्य होंगे उजागर..



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका में बरसों पदस्थ रहे सब इंजीनियर रमेश कुमार वर्मा जो वर्तमान में भी कुछ दिनों के लिए नगर पालिका में सीहोर से आकर अपनी सेवाएं देते रहें. कुछ वर्ष पूर्व उनका तबादला नगर पालिका सीहोर हो गया था. ऐसी चर्चा है कि लेनदेन की कार्य प्रणाली उनकी होशंगाबाद नगर पालिका में थी वही कार्य प्रणाली उन्होंने सीहोर नगर पालिका में भी यथावत रखी. बिना लिए दिए उनके द्वारा कोई काम नहीं होता था बल्कि कुछ काम ऐसे थे जो नगर पालिका के दायरे से बाहर थे उन कामों को भी करने में रमेश कुमार वर्मा की भूमिका रही.

गत दिवस नगर पालिका सीहोर में एक मकान बनाने के एवज में उनके द्वारा 20000 रुपए की रिश्वत ली गई. इसी दौरान लोकायुक्त द्वारा उनको दबोच लिया गया.

करोड़ों का आसामी वर्मा नगर पालिका परिषद नर्मदा पुरम में 15-16 वर्ष तक पदस्थ रहे और भ्रष्टाचार के कई कीर्तिमान स्थापित किए . प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर नर्मदा अमृत जल योजना जैसे करोड़ों के काम में खूब वारे न्यारे किए. उनके कार्यकाल में उनके द्वारा नगर पालिका नर्मदापुरम में जो भी काम कराए गए उसमें तबीयत से भ्रष्टाचार किया.

नगर पालिका की सीमा से दूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित एक मैरिज गार्डन को नगर पालिका से एनओसी दिलाने में भी वह चर्चा में रहे. इस मामले में उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत भी की गई थी लेकिन ले देके मामला रफा दफा हो गया था. नगर पालिका नर्मदा पुरम में रमेश वर्मा के पास मकान की एनओसी देने का महत्वपूर्ण दायित्व भी था. नगर में उनके कार्यकाल में बनी अधिकांश कॉलोनी में जन सुविधा का अभाव होने के बाद भी इन कॉलोनी को अनुमति देने का कारनामा इन्होंने कर दिखाया. कुछ कॉलोनी में जो बंधक प्लाट रखे गए थे उन प्लाटों को भी कॉलोनाइजर से मिलकर बिकवा दिया गया. यदि उनके कार्यकाल की जांच जाए तो आज भी करोड़ों का भ्रष्टाचार नगर पालिका में उजागर हो सकता है.

### जो भी अध्यक्ष रहे उनके लिए कमाऊ पूत का काम किया

रमेश वर्मा जब तक नगर पालिका नर्मदापुरम में पदस्थ रहे तब तक नगर पालिका में उनके पास एक छत्र राज रहा. थे तो यह सब इंजीनियर लेकिन सहायक इंजीनियर का काम करते थे.

इनके कार्यकाल में जो भी नगर पालिका अध्यक्ष अथवा सीएमओ रहे उनको भी उन्होंने भरपूर कमा कर दिया यही वजह थी कि किसी ने भी इन्हें यहां से हटाने के लिए प्रस्ताव नहीं भेजा. कुल मिलाकर नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारी के लिए यह कमाऊ पूत साबित हुए.

### करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं वर्मा

लोकायुक्त द्वारा यदि इनकी चल अचल संपत्ति को लेकर दबिश दी जाए तो मामला और भी चौंकाने वाला उजागर हो सकता है. वर्मा द्वारा अपने कार्यकाल में अवैधानिक रूप से करोडों रुपए की कमाई की गई. इनकी चल चल संपत्ति की जांच हो जाए तो लोकायुक्त को करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज और संपत्ति होने की जानकारी आसानी से मिल सकती है इनके बैंक बैलेंस में भी लाखों करोड़ों रुपए पड़ा होगा.

नर्मदापुरम नगर पालिका की अवैध कॉलोनी को बैध बनाने का काम भी इन्होंने बखूबी भी किया. इनके कार्यकाल में जिन कॉलोनीयों को अनुमति दी गई है उन कॉलोनीयों की भी जांच हो जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि रमेश वर्मा द्वारा इन कॉलोनी के निर्माण को लेकर कितना लेनदेन हुआ होगा.

**पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना**

# वार्ड 9 में दो दिवसीय नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर का समापन



- 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के नवीन आयुष्मान कार्ड बनाए

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजना आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत अब सभी 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ नागरिको महिला पुरुष के नवीन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वार्ड क्रमांक 9 में पार्षद ईश्वरदास जमीदार के द्वारा अपने कार्यालय पर दो दिवसीय नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा पूरे भारतवर्ष में अपनी 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं एवं जिन वरिष्ठों के कार्ड बने हैं उनके ई-केवाईसी का कार्य भी किया जा रहा है शिविर में लगभग 40 वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए गए है। इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना में 70 वर्ष से अधिक आयु के हर वर्ग के साथ-साथ सेवानिवृत्ति नागरिकों के भी कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिनके कार्ड अभी नहीं बने हैं उन सभी के भी कार्ड बनाएं जा रहे हैं। आप अपने नजदीकी शासकीय निकाय या पंचायत कार्यालय में या जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं अभी यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत महिला मोर्चा जिला सदस्य अनीता रामकृष्ण वर्मा पार्षद सभापति ईश्वरदास जमीदार उपसरपंच अनिल लोवंशी छोटू धपाड़िया सहदीप कुशवाहा प्रदीप काका गब्बर भदौरिया सुरेंद्र लोवंशी अश्विनी राठौर अनूप पवार अमित शर्मा जयंत महेंद्र रणवीर जमींदार सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# किसानों के खेत से माफिया उठा रहे रेत

## शिकायत के बाद भी प्रशासन ने सादी चुप्पी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में तवा एवं नर्मदा नदी सहित अन्य नदियों के किनारे जिन किसानों के खेत लगे हुए हैं उनमें कई किसानों से जिनके खेत में रेत है इस रेत की वजह से ना तो वह खेती कर पाते हैं और ना ही उन्हें इस रेत को बेचने की अनुमति शासन द्वारा दी जाती है. किसानों के हित की बात करने वाली केंद्र सरकार राज सरकार आखिर इस गंभीर मुद्दे पर किसानों की समस्या को लेकर निर्णय क्यों नहीं कर पा रही.

सरकार की इस ढुलमुल नीति के कारण रेत माफिया मजे मार रहे हैं. किसानों के खेत में पड़ी रेत को रेत माफिया तबीयत से चुरा रहे हैं और इस चोरी की प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद भी कार्रवाई नगण्य है. इतना ही नहीं दिनदहाड़े जेसीबी मशीन से किसानों के खेत से रेत उठाई जा रही है. जब खनिज विभाग से इस बात की जानकारी ली जाती है तो उनके द्वारा कुछ संतुष्ट पूर्ण जवाब नहीं मिलता.

शासन द्वारा भी ऐसी कोई नीति नहीं बनाई गई जिसमें किसानों के खेत में पड़ी रेत को उठाने का कोई प्रावधान हो.

**शासन किसानों को रेत बेचने की अनुमति दे दे तो हर्ज ही क्या है?**



# युवक ने युवती को मारी गोली, गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया रेफर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में सिवनी मालवा थाना अंतर्गत आने वाले दूधिया बड मार्ग पर सोमवार रात करीब सात बजे अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने युवती को गोली मार दी। युवती को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अनूप सिंह उइके पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और युवती के बयान लिए। युवती ने पुलिस को बताया कि नमन रैकवार नामक युवक जो कि उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला है। उसने दूधिया बड के पास मुझे गोली मारी है। एसडीओपी राजू रजक ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही तत्काल 3 टीमों का गठन कर आरोपी युवक की तलाश के लिए रवाना कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर शुभम महतो ने बताया कि एक 20 वर्षीय युवती को पेट में गोली मारी गई है। युवती की हालत स्थिर है पेट पर एक ही गोली का निशान है और पेट में गोली होने की संभावना है।



# समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा-जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, और समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इस बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और आगामी कार्यक्रमों के लिए तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता जताई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिले में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन सुनियोजित और व्यवस्थित तरीके से किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सही समय पर पहुंच सके। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र युवाओं के पंजीयन किए जाने के लिए शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जनपद पंचायतों के मु?य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर लगाकर योजना की जानकारी उसके लाभ युवाओं एवं उनके अभिभावकों को समझाते हुए अधिक से अधिक पंजीयन किए जाएं। कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा संचालित वृंदावन ग्राम योजना के संबंध में सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार कार्यवाही करते हुए अगले चार दिवसों में प्रस्ताव प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने आयुष्मान योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा निर्देश दिए हैं कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की गति को निरंतर रखते हुए आगामी दिनों में शिविरों का आयोजन कर 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

कलेक्टर ने आगामी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारी के लिए समयबद्ध और योजनाबद्ध कार्यवाही की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और कार्यों का उचित विभाजन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दायित्व स्पष्ट किए जाएं। कलेक्टर द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई, ताकि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित हो सके।



### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों प्राथमिकता निराकरण हो

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के समय पर परीक्षण और शीघ्र निराकरण की आवश्यकता को भी प्राथमिकता दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का संतुष्टिपूर्वक समाधान किया जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने सीएम हेल्पलाइन पर राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग तथा श्रम विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायतों की सबसे अधिक मात्रा इन विभागों की है इसलिए सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन के विशेष बिंदुओं पर आधारित शिकायतो की भी समीक्षा की उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ विभाग, श्रम, डीआरसीएस द्वारा शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों के निराकरण के लिए टीम लगाकर शिकायतों का परीक्षण कर उनका निराकरण करे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ए ग्रेड का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। वर्तमान में की जा रही मेहनत से अधिक मेहनत करते हुए प्राथमिकता के आधार पर इस विषय में ध्यान दें।

### फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के कार्यों तेजी लाएं

उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वन अधिकार पत्र धारकों को किसान सम्मन निधि से जुड़े होने की जानकारी अपडेट की जाए। कलेक्टर ने फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि इस दिशा में विशेष प्रयत्न किए जाने की आवश्यकता है। सभी अधिकारी इस हफ्ते अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करें।

### किसानों को पर्याप्त खाद मिले

कलेक्टर ने सोयाबीन उपार्जन कार्यों की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि से उपार्जन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खाद की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की। उपसंचालक कृषि द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में 46 किसानों से कुल 967 क्रिंटल सोयाबीन की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया है कि सोहागपुर में खाद प्रतिपूर्ति के लिए कैश सेल काउंटर को शीघ्र फंक्शनल करवाया जाए।

**मेट्रो एंकर** जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत 'रंगोली' प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रथम स्थान पर रहीं तनु मैथिल, विनीता लोवंशी को मिला दूसरा स्थान

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

उच्च शिक्षा विभाग निर्देशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत 'विकसित भारत' विषय पर 'रंगोली' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 14 महाविद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु अवसर प्रदान करती है। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. संजय आर्य ने कहा कि युवा उत्सव छात्राओं में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने हेतु मंच प्रदान करता है तथा उन्हें अपने कला एवं संस्कृति को बनाए रखने व निरंतर इससे जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। मंच संचालन करते हुए डॉ. शिरीष परसाई ने कहा कि रंगोली खुशी, सकारात्मकता, और जीवंतता का प्रतीक है। रंगोली का सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व उत्सव धर्मिता है।



रंगोली युवा उत्सव को संपूर्णता प्रदान करती है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. तनु मैथिल, शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कु. विनीता लोवंशी, शासकीय कुसुम स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मालवा एवं तृतीय स्थान कु. काजल बाबरिया, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम एवं अर्चना कहार, शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय, नर्मदापुरम ने प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में श्रीमती निधि शर्मा, श्रीमती स्वेता पगारे एवं श्रीमती गुंजन जैन उपस्थित थी। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया।

अंत में प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा विजेयी छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा कु. तनु मैथिल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर डॉ. हरप्रीत रंधावा, श्रीमती मंजरी अवस्थी, स्नेहांशु सिंह, डॉ. संजय आर्य, रविन्द्र चौरसिया, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ शिरीष परसाई, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. नेहा सिकरवार, कु. करिश्मा कश्यप, कु. तरुणा तिवारी, हेमंत गोहिया, कु. क्षमा वर्मा, मंथन दुबे सहित विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे दल प्रबंधक एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की बुधनी के वोटरों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील

**सीहोर।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार बुधनी के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने आगामी चुनाव में बुधनी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने की अपील की है।



उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक है, उन मतदान केंद्रो पर 04 की जगह 05 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## विधायक उमाकांत शर्मा आनंदपुर में लगाया जन समस्या निवारण शिविर

# मौके पर ही मिली अंत्येष्टि सहायता राशि







**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

सोमवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने थाने के सामने आनंदपुर में जनता दरबार लगाकर जनता की समस्या सुनी , जिसमें अधिकांश समस्याओं का निराकरण विधायक शर्मा के द्वारा तुरंत मौके से ही किये गए जिसमें ज्योतिबाई एवं रमको वाई को तुरंत मौके से ही अंत्येष्टि राशि के तहत प्रदाय की जाने वाली राशि प्रदान की जिससे उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई इस अवसर पर विधायक शर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा शिविर की तैयारी में पूर्व से कर ली गई थी ।

तथा प्राप्त आवेदनों को विभाग वार बांटकर संबंधित विभागों को निराकरण के लिये भेज दिया गया इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे वही जानकारी के अनुसार शिविर में लगभग 216 आवेदन प्राप्त हुए वही शिविर मे बड़ी संख्या में लोग अपनी अपनी विभिन्न विभागों से संबंधित समस्या लेकर जनता दरबार में पहुंचे ।

ज्ञात हो कि विधायक उमाकांत शर्मा लगातार जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगो के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओ को सुलझाने के लिये प्रयासरत रहते है।

जन समस्या निवारण शिविर मैं विधायक ने जनता की सुनी समस्याएं - लटेरी के ग्राम आनंदपुर जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीण एवं नागरिकों की आवेदन पर सिरोंज लटेरी क्षेत्र के विधायक माननीय उमाकांत शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनी एवं आवेदन का निराकरण करते हुए लटेरी के कई जनपद पंचायत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को फटकार लगाते आनंदपुर सचिव से मौके पर ही एक महिला को अंत्येष्टि के राशि मंच पर ही दिलवाई जनपद सीईओ और सभी सचिवों से हितग्राही मूलक योजना मध्य प्रदेश सरकार की केंद्र सरकार की लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

वन विभाग वन विकास निगम मैं हुए अतिक्रमण पर विधायक उमाकांत शर्मा खास नाराज हुए जिसमें आपत्ति करते हुए जिला प्रशासन मध्य प्रदेश सरकार से आग्रह किया वन विभाग के उत्तर एवं दक्षिण अधिकारी सही से कम न करने पर इनका ट्रांसफर करने का मध्य प्रदेश शासन से आग्रह किया

और अनेक विभाग की योजनाएं हितग्राही मूलक योजना लोगों तक पहुंचे इसके लिए सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों से आग्रह करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में डॉ मोहन यादव की सरकार केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार अनेक योजनाएं चल रही है जिसमें हितग्राही मूलक योजना का सभी को मिले जन समस्या निवारण शिविर में माननीय विधायक जी ने अनेक आवेदनों को मौके पर निराकरण किया और कुछ आवेदन को विभाग बार 7 दिन में निराकरण करने के लिए एवं सूचना विधायक कार्यालय को पहुंचाने के लिए कहा जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह बघेल भाजपा मंडल आनंदपुर राजेश यादव लटेरी मंडल अध्यक्ष राजकुंवर बघेल भाजपा जनप्रतिनिधि एवं एसडीम विनीत तिवारी सभी विभागों अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु राशि जारी, प्रत्येक भवन की लागत 11.22 लाख रूपए



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले में राज्य आयोजना मद के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में नवीन स्वीकृत 49 आंगनबाडी भवनो के निर्माण हेतु जिला पंचायत के द्वारा राशि जारी की गई है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने इन आंगनबाडी भवनो के निर्माण कार्यो की समीक्षा कलेक्टेव्ट के बेतवा सभागार में सोमवार को की। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना क्रमशः कुरवाई, ग्यारसपुर, नटेरन, बासौदा एक, विदिशा ग्रामीण और सिरोंज में कुल 49 नवीन आंगनबाडी केन्द्र भवनो के निर्माण हेतु राशि जारी की गई है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नवीन स्वीकृत आंगनबाडी भवनो के निर्माण कार्यो को तीन माह में पूर्ण कराए जाने के निर्देश निर्माण ऐजेन्सी आरईएस को दिए है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत को उपरोक्त आंगनबाडी भवनो के निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति का भ्रमण कर जायजा लेने और प्रगति से अवगत कराने हेतु कलेक्टर द्वारा अधिकृत किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि प्रत्येक आंगनबाडी भवन का निर्माण कार्य 11 लाख 22 हजार की लागत से पूर्ण कराया जाएगा। जिसकी समयावधि तीन माह नियत की गई है। जिले में परियोजनावार स्वीकृत किए गए आंगनबाडी भवनो की जानकारी इस प्रकार से है। कुरवाई में इमलिया दो, छीरखेडा एक, कुर्रयाई, ग्यारसपुर में गुनुआ चक्क, माला, सुमेरबर्री, खजूरियाखेडा, करारिया, खेरूआपडरात, नटेरन में किशनपुर, गूजरखेडी, खजूरीदास, खेजडा काशीराम, नटेरन, सिलवायखजूरी, सिरसी, नागौर दो, लवाखेडी, पाली और पहरवासा एक शामिल है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना बासौदा एक अंतर्गत हरगनाखेडी एक एवं दो, गोहची, पिपरियाजाजौन, दाउद बासौदा दो, लटेरी में छिरारी, राधौगढ, आनंदपुर एक, शेरगढ एवं बंदीपुर, विदिशा ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत गजारमूडरा, खमतला, दीताखेडी, खामखेडा लश्करपुर, बहलोट, तिलक, सेमरा, बोरिया, बेरखेडी बुर्जुग, लोधाखेडी, बामनखेडी एवं बधिया शामिल है। सिरोंज परियोजना के अंतर्गत राजपुर, सरवरपुर, रामपुर, ओसनियाई, उदयरामपुर, भरवास शामिल है।

### लोगों को मिल रहा है हेल्पलाइन नंबर का फायदा

# आपकी नगर पालिका आपके फोन पर स्वयं नगर पालिका सीएमओ और उपाध्यक्ष ने घर पहुंच कर दिया मृत्यु प्रमाण पत्र



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

आपकी नगर पालिका आपके फोन पर स्वच्छता संबंधित समस्त कार्य मृत्यु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र आगजनी की सूचना देने पर तत्काल फायर ब्रिगेड को पहुंचाने का कार्य , स्ट्रीट लाइट बंद होने पर सूचना उपरांत उसे तत्काल दुरुस्त कराकर प्रकाश की व्यवस्थाएं करना नगर पालिका के द्वारा की जाती है उक्त नंबर 07591-253379 स,7649854500 पर अपनी राय एवं अपनी आवश्यकता अनुसार बात कर कर सुझाव प्राप्त कर सकते हैं नगर पालिका परिषद सिरोंज द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया था जिसमें आज दिनांक तक 13 शिकायत प्राप्त हुई है जिसमें से अत्यधिक शिकायतों का निराकरण समय पर किया जा चुका है यह शहर सिरोंज के लिए बहुत अच्छी सौगात है कि कोई भी कार्य करने के लिए मार्गदर्शन, कार्य करने के लिए उचित व्यवस्था हेतु यह हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया था जो की सफलतापूर्वक शहर के लिए कार्य कर रहा है।आपकी नगर पालिका आपके फोन पर नवीन योजना अंतर्गत प्रथम मृत्यु की सूचना को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय नगर पालिका परिषद सिरोंज के उपाध्यक्ष मनोज शर्मा एवं वार्ड पार्षद फहीम खान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू जी द्वारा वार्ड क्रमांक 6 के प्रकाश प्रजापति के निधन पर प्रतिनिधियों द्वारा स्वयं उनके घर उपस्थित होकर योजना अंतर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं संबल दिया।

### राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता भोपाल में सम्मिलित होंगे सी. एम. राइज स्कूल सिरोंज के खिलाड़ी

सिरोंज। राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता (अंडर-17 वर्ष जूनियर) बालक /बालिका एवं अंडर 14 बालक दिनांक 11ध्11ध्2024 से 14ध्11ध्2024 तक भोपाल में आयोजित होगी इस राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में शासकीय सी. एम. राइज स्कूल सिरोंज के तुलसी राम सैन, अनमोल अहिरवार रितिक अहिरवार आदर्श पंथी, एवं कुमारी तमन्ना यादव ऋषिका दांगी, राधिका सैन,राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में खेलने के लिए भोपाल संभागीय दल में शामिल होने आज सिरोंज से रवाना हुए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल के ऐशबाग स्टेडियम एवं मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के टर्फ ग्राउंड खेली जाएगी। आज सुबह सी.एम .राइस स्कूल के प्राचार्य श्री महेश कुमार ताम्रकार, एवं खेल शिक्षक जमशेद खान ने खिलाड़ियों को फूल माला पहनकर स्वागत कर भोपाल के लिए रवाना किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री उमेश कुमार सोनी ,प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार , प्राचार्य मनोज शर्मा संजीव माथुर,खेल शिक्षक शान मिया, खेल शिक्षक जमशेद खान, केशव शर्मा, रितेश केवट, मनोज कुशवाहा,कुमारी प्रगति केवट एवं सी.एम.राइज स्कूल के समस्त स्टाफ के सदस्यों ने छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी ।

# नगर में बडी संख्या में चल रहा है अवैध ईट-भट्टों का कारोबार जिम्मेदार मौन



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

इन दिनों नगर के आसपास के इलाको में ईट भट्टो का करोबार जोरो पर है । और इन ईट भट्टों की जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रही है । इसके साथ ही इन ईट भट्टों पर बाल श्रम भी बेझिजक कराया जा रहा है । बता दे कि इन दिनों अवैध ईट भट्टो का कारोबार जोरो पर चल रहा है । लटेरी रोड तहसील रोड के पास रोहिलपुरा चौराहे पर इमलानी रोड पर केथन नदी के आस पास बडी संख्या में ईट भट्टे लगाए गये है । यहां न कोई जानकारी लेने वाला है न पूछने वाला है ईट भट्टे का मालिक अपने तरीके से कार्य कर रहे है न तों राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अवैध रूप से चल रहे इस कारोबार को रोकने के लिए हिम्मत जुटाई है । वही देखा जाए तों क्षेत्र चल रहे इन ईट भट्टो से अब पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है । रहवासी क्षेत्र के पास लगे ईट भट्टे से दिन भर धुंआ फैलता रहता है । ईट भट्टो लगाने के लिए भूसा प्लास्टिक सामाग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जों लोगो के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है । वही देखा जाए तों ईट भट्टो का व्यापार करने के लिए मिट्टी उत्खन्न के लिए लीज की स्वीकृति लेने के लिए तहसील की एनओसी वन विभाग की एनओसी निर्माण करने वाले का लायसेंस आदि तैयार कराना होता है तब कभी ईट भट्टो का व्यापार कर सकते है । गौरजलब होकि तहसील कार्यलय के पीछे ही ईट भट्टो का कारोबार जोरो पर हो रहा है मगर जिम्मेदार अधिकारियों का इस और ध्यान नही है दिन भर ईट भट्टो में धुंआ निकल रहा है मगर प्रषासन बेखबर है ।

**मेट्रो एंकर** — गली-गली में आवारा कुत्तों का झुंड, रास्ता बदलकर निकलनें को लोग मजबूर हर दम काटने का भय

# बच्चों को स्कूल, कोचिंग कुत्तों के डर से पालक खुद छोड़ने जा रहे

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

नगरवासी इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से भयभीत हैंइन दिनों गली-मोहल्लों में कुत्तों का झुंड है जो आते-जाते लोगों को काटने को दौड़ा रहा है। वहीं नगर पालिका में डॉग कैचर नहीं है और न ही आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अमला है। शहर में नागरिक कुत्तों के आतंक से त्रस्त हैं। आम नागरिकों के अलावा बच्चों व विद्यार्थी का हर दिन आना-जाना रहता हैं। रास्ते पर बैठे खुंखार कुत्ते मोटरसाइकिल सवारों को काटने दौड़ते हैं। आसपास के रहवासी भी कुत्तों के काटने की आशंका से भयग्रस्त हैं। नागरिकों का कहना है कि स्वच्छंद विचरण कर रहे इन आवारा कुत्तों को शहर से बाहर निर्जन स्थानों में छोड़ने की जरूरत है जिस पर पालिका प्रशासन का जरा भी ध्यान नहीं है।



शहर में कुत्तों की संख्या बढ़ने के कारण गली-गली में बच्चों और आम लोगों को किसी बड़ी घटना होने का डर बना रहता है आए दिन रास्ते में चलने वाले वाहनों पर आवारा कुत्ते अटैक कर देती है जिसकी वजह से कई लोगों को तो चोटे भी आई है गली मोहल्लों में छोटे-छोटे बच्चे भी घूमते रहते हैं जिनको अक्सर काटने का डर बना रहता है कई बार नगर पालिका प्रशासन को वार्ड वासियों ने इन कुत्तों को पकड़वाने के लिए भी शिकायत की है पर आज तक नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा इन कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी प्रयास नहीं किए गए।

नगर पालिका में नहीं है संसाधन' - नगर पालिका में आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए उपकर.ा नही है न ही पालिका ने कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई दस्ता गठित किया है। इसके लिए पालिका में अमला का अभाव होना बताया जा रहा है। कई महीनों से कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया है, जिससे शहर में आवारा कुत्तों की संख्या निरंतर बढ़ गई है। ऐसे में ये आवारा कुत्ते और भी खौफनाक हो गए हैं। प्रशासनिक अमले को शायद किसी बड़े अनहोनी का इंतजार है।

# छतरी नाके के लोगों ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन, प्रशासन पर लगाये पक्षपात पूर्ण कारवाई करने के आरोप

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

सोमवार को छतरी नाके के कई रेवासियों ने एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते हुए कहा कि चौराहे पर हो रहे अतिक्रमण और सड़क पर रखी गुमठियों को हटाने की वजह सिर्फ एक गुमठी हटाने की पक्षपात पूर्ण कार्रवाई को लेकर वार्ड नंबर 13 के रहवासी और छतरी के आसपास के लोगों ने कहा एक व्यक्ति की शिकायत के साथ नपा प्रशासन ने मिलकर अकेले जगन्नाथ सिंह की पान की गुमठी हटाने पहुंचा था जिसका रहवासियों ने विरोध किया। एसडीएम से संबंधित मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्ष कार्रवाई करने की बात की, साथ ही प्रशासन द्वारा जहां-जहां अतिक्रमण हो रहा है उन सभी पर कार्रवाई करने की बात रखी गई ।वार्ड नंबर 13 छतरी पर रहने वाले लोगों ने ज्ञापन में बताया कि श्री हनुमान मंदिर के सामने वाली लाइन में विगत कई वर्षो से अपनी रोजी-रोटी चला रहे दुकानदारों की सड़क किनारे रखी गुमठी से अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं और पूरी छतरी चौराहे के आसपास सड़क किनारे दुकान लगी हुई है ।उसी में एक दुकान जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की भी है गुमठी के पीछे बने मकान मालिक धर्मेंद्र जैन द्वारा अपने मकान के सामने रखी गुमठियों और जगन्नाथ की रखी हुई गुमठी का किराया वसूलने की बात कही गई ,परंतु जगन्नाथ सिंह द्वारा किराया न देने की बात कही गई जिस बात पर दोनों के बीच कहा सुनी हुई और मामला थाने तक पहुंचा संबंधित मामले में धर्मेंद्र जैन द्वारा प्रशासन पर अतिक्रमण द्वारा कार्रवाई करने का दवाव बनाया गया ।

### दीवाली के दूसरे दिन भाईदूज पर मायके जाने को लेकर हुई थी कहासुनी

# नवविवाहिता ने शादी के डेढ़ साल बाद ही लगाई फांसी

## पति समेत ससुराल पक्ष पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित प्रियंका नगर में शादी के डेड़ साल बाद ही नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गत 3 नवंबर की है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला था। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि भाईदूज पर मायके जाने की बात को लेकर उसकी पति से कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज मृत्यु का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 23 साल की मोनिका अहिरवार मूलत~गुनगा के धमर्रा कस्बे की रहने वाली थी। डेड़ साल पहले उसकी शादी प्रियंका नगर, कोलार निवासी राहुल अहिरवार से हुई थी। राहुल अपने पिता के साथ फेब्रिकेशन का काम करता है। राहुल ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह मोनिका ने उसे कहा था कि भाईदूज पर मायके जाना है। राहुल ने कहा कि तुम्हारा भाई भोपाल आ रहा है वह साथ ले जाएगा। मोनिका चाहती थी कि राहुल भी साथ चले। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी बड़ने पर मोनिका ने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली। किसी तरह दरवाजा तोड़कर राहुल मोनिका को लेकर निजी अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मोनिका को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मायके पक्ष और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए थे। बयान में पता चला कि पति समेत ससुराल पक्ष उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया था। पुलिस ने जांच के बाद पति राहुल अहिरवार, ससुर अजब सिंह और सा ओमवती अहिरवार पर मामला दर्ज किया है।

### शादी के छह महीने बाद ही नवविवाहिता ने लगाई फांसी



बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित ओम नगर झुग्गी में सोमवार दोपहर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी पहुंचा दिया है। गुना से महिला के परिजन भोपाल के लिए निकल गए है। उनके भोपाल पहुंचने पर पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार पूजा कुशवाहा पति आकाश कुशवाह (21) ओम नगर झुग्गी, बागसेवनिया में रहती थी। मूलत~ गुना निवासी पूजा की शादी आकाश से छह महीने पहले ही हुई थी। आकाश प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर वह बाल कटवाने गया था। तीन बजे के आसपास उसे छोटे भाई शुभम ने कॉल कर बताया कि भाभी ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया है और दरवाजा नहीं खोल रही है। आकाश घर पहुंचा उसने आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद झुग्गी की चादर हटाकर अंदर घुसकर दरवाजा खोला गया। इस दौरान पूजा फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई।

### नमकीन खा रहे युवक की संदिग्ध मौत



बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नमकीन खाने के बाद उसे उल्टियां हुई थी। पड़ोसी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आ सकेगी। पुलिस के अनुसार सुमित विश्वकर्मा पिता तिलकराम विश्वकर्मा (36) अमराई, बागसेवनिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह करीब साड़े आठ बजे वह घर में था और नमकीन खा रहा था। नमकीन खाने के बाद उसे उल्टियां हुई और वह बेसुध हो गया। उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

# जुए की फड़ पर छापा, 2 लाख 90 हजार की नगदी जब्त

### 15 जुआरी गिरफ्तार, कुख्यात बदमाश अरशद बब्बा चला रहा था जुए की फड़

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



क्राइम ब्रांच की टीम ने कांग्रेस नगर टीलाजमालपुरा में पानी की टंकी के पास मकान में चल रही जुए की फड़ पर छापामार कार्रवाई करते हुए 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों से 2 लाख 90 हजार रुपए की नगदी, ताश की गड्डी बरामद की गई। उक्त जुआ कुख्यात बदमाश अरशद बब्बा चला रहा था। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि कांग्रेस नगर, टीला जमालपुरा में पानी की टंकी के पास एक मकान में जुए की फड़ बैठी हुई है। क्राइम ब्रांच की टीम ने टीम बनाकर मकान की घेराबंदी करते हुए वहां से 15 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जुआरियों की पहचान राशिद (50) हाउसिंग बोर्ड कोहेफिजा, वजीर मारसाहब (55) नारियलखेड़ा, गौतम नगर, मजीद खान (47) जोगीपुरा, सलमान उर्फ बाबा (27) कांग्रेस नगर, सावर उर्फ साबू (48)जोगीपुरा तलैया, सुनील बाथम (43) झुग्गी सुनेरी बाग टीटी नगर, अमान खान (23) बुधवारा, तलैया, बसी अहमद खान (32) जहांगीराबाद, आशिफ (25) तलैया, अफसर खान (36) पुतलीघर टीला, अरबाज (25) फैजान शादी हॉल के पास हनुमानगंज, नवाब अली (50) चटाईपुरा, तलैया 13 शाहरुख खान (27) वर्धमान पार्क श्यामला, राहुल (35) जहांगीराबाद और मेहफूज (50) टीला भोपाल के रूप में की गई।

**अरशद, वजीर और राशिद के साथ चला रहा था जुआ:** एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियो के पास से एक टीन के चादर की पेटी से 1 लाख 40 हजार रुपए और 1 लाख 50हजार रुपए की नगदी बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि अरशद बब्बा, वजीर मास्साब, राशिद टाडा एंव अफसर मिलकर जुए की फड़ चला रहे थे। क्राइम ब्रांच की कार्रवाई से पहले ही अरशद बब्बा मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी सलमान उर्फ बाबा की तलाशी लेने पर देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस बरामद किया है।

# बीयू में सुंदरकांड में जाने से रोका, वार्डन के फरमान पर विद्यार्थियों ने सुनाई राम धुन

### बीयू प्रबंधन ने कहा: जांच कर करेंगे कार्यवाही इधर, एबीवीपी की मांग: जल्द से जल्द हो कार्यवाही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में छात्राओं को सुंदरकांड में जाने रोकने का मामला सामने आने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ विद्यार्थियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने राम धुन बजाई। अभाविप ने सद्बुद्धि के लिए राम धुन का आयोजन विश्वविद्यालय में सत्यभवन के सामने किया गया।?जानकारी के अनुसार, यहां छात्रावास में रहने वाली छात्राओं का आरोप है कि वॉर्डन अनिता तिलवानी ने उन्हें सुंदरकांड प?ने और मंदिर जाने से रोका। इतना ही नहीं, वॉर्डन ने छात्राओं से माफीनामा भी लिखवाया। छात्राओं के अनुसार, वॉर्डन ने कहा कि यदि उन्हें मंदिर जाना है, तो पहले विश्वविद्यालय प्रशासन से इजाजत लेनी होगी। इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कुछ दिन पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में बने मंदिर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ था। छात्र-छात्राएं यहां शामिल हुए। छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने पूर्व में कुल सचिव से अनुमति लेकर सुंदरकांड कार्यक्रम में गई थी और उन्होंने 8:00 बजे तक की अनुमति ली थी, लेकिन सुंदरकांड जल्दी समाप्त होने पर वह छात्रावास में 7:40 तक लौट आईरात्रि में वहां की मुख्य वार्डन अनीता तिलवानी ने कहा कि अगर मंदिर जाना है, तो लिखित में अनुमति लेनी होगी। वार्डन ने कहा मैं रजिस्ट्रार की भी नहीं सुनूंगी।

**वार्डन को तत्काल हटाया जाए:** एबीवीपी भोपाल महानगर मंत्री शिवम जाट ने कहा कि ऐसे दूषित मानसिकता वाले लोगों पर जल्द से जल्द करवाई होनी चाहिए जो छात्रों की धार्मिक भावनाओं पर पाबंदी लगाए। ऐसी मानसिकता रखने वाले वार्डन को तत्काल हटाया जाए और विश्वविद्यालय का जो समरसता पूर्ण वातावरण है उसको स्थापित किया जाए। विश्वविद्यालय मंत्री प्रीति पवार ने कहा विवि में रामधुन के माध्यम से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के प्रशासन कुलपति एवं समस्त कर्मचारियों की सद्बुद्धि के लिए रामधुन का आयोजन हुआ जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग के छात्रों की सहभागिता रही।

# कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित नर्मदा भवन के पास अज्ञात कार ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसा रविवार रात करीब साड़े 8 बजे सड़क पार करते समय हुआ था। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार सुरेश प्रसाद सेन पिता राम प्रकाश सेन (49) डी-27, चार इमली में सर्वेंट क्वार्टर में रहता था और अधिकारी के घर काम करता था। रविवार रात करीब साड़े 8 बजे सुरेश सेन नर्मदा भवन के पास से सड़क पार कर रहा था, तभी उसे अज्ञात कार ने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार का चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। इधर गंभीर रूप से घायल सुरेश को एंबुलेंस से अस्ताल पहुंचाया गया। उसका इलाज चल रहा था। सोमवार रात तबीयत बिगड़ी और करीब साढ़े 11 बजे के आसपा उसकी मौत हो गई।






# क्रिकेट प्रैक्टिस नेट के नीचे जलाया अनार, एक लाख की नेट जली




### सिक्योरिटी के लिए दो गार्ड तैनात,फिर भी वारदात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित अंकुर खेल मैदान में असामाजिक तत्व ने अनार पटाखा जला दिया। इससे प्रैक्टिस नेट जल गई। घटना गत 9 नवंबर की बताई जा रही है। करीब तीन जगह अनार जलाने के कारण प्रैक्टिस नेट पूरी तरह से जल चुकी है। जली हुई नेट की कीमत एक लाख रुपए बताई जा रही है। घटना की शिकायत कोच भुवन शुक्ला द्वारा हबीबगंज थाने में की गई है। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर लिया। आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार भुवन शुक्ला अंकुर खेल मैदान में कोच हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि गत 9 नवंबर की रात किसी ने तीन अलग अलग अनार पटाखे जलाए। तीनों नेट के नीचे रखकर नेट को जलाने की नियत से जलाए गए थे। 10 नवंबर की सुबह गार्ड ने जली हुई नेट पर पानी डाला, लेकिन नेट पूरी तरह जल गई थी। उल्लेखनीय है कि ग्राउंड पर सीसीटीवी कैमरे तक नहीं है। अंकुर मैदान के गेट रात में बंद कर दिए जाते हैं। इसके अलावा सिक्योरिटी के लिए दो गार्ड भी तैनात है, लेकिन फिर भी कुछ शरारती तत्व ग्राउंड के अंदर दाखिल हो गए और घटना को अंजाम दिया।

### आकाशवाणी के कर्मचारी से मोबाइल झपटकर भागे स्कूटर सवार

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास रविवार रात सकूटर सवार लुटेरों ने आकाशवाणी के कर्मचारी के हाथ से मोबाइल झपट लिया। मोबाइल की कीमत 16 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रियंका नगर निवासी विकास सिंह (29) आकाशवाणी में नौकरी करते हैं। रविवार रात वह खाना खाने के बाद घर से निकले थे। मासरोवर डेंटल कॉलेज के पास टहलते हुए वे पहुंचे। इस दौरान उन्हें किसी का कॉल आया और मोबाइल पर बातचीत करने लगे। इस दौरान अचानक पीछे से स्कूटर पर आए तीन बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया।

### शासकीय स्कूल से पंखे, कुर्सी समेत बाल्टी चुराकर ले गए चोर

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल से अज्ञात चोर पंखे, कुर्सी, बर्तन गैस चूल्हा समेत अन्य सामान चुराकर ले गए। चोरों ने स्कूल में रखी बाल्टी तक नहीं छोड़ी। घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। पुलिस ने स्कूल के शिक्षक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार अवधेष प्रसाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में शिक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार को स्कूल की छुट्टी थी। सोमवार सुबह स्टाफ और बच्चे स्कूल पहुंचे तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाश पंखे, कुर्सी, बर्तन गैस चूल्हा समेत अन्य सामान चुराकर ले गए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022